# छत्तीसगढ़ विधान सभा

## पत्रक भाग - एक
## संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा　　त्रयोदश सत्र　　अंक-07

रायपुर, मंगलवार, दिनांक 15 मार्च, 2022
(फाल्गुन 24, शक संवत् 1943)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई।

**(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)**

## 1. प्रश्नकाल

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 15 एवं 17 (कुल 16) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये ।

तारांकित प्रश्न संख्या 16 के प्रश्नकर्ता सदस्य श्री धनेन्द्र साहू, अनुपस्थित रहे ।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नों के रूप में परिवर्तित 27 तारांकित एवं 57 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

## 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ सोन्डिहा कोल कम्पनी लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016-17,

(2) श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ मिनरल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड का सोलहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2016-17,

(3) श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक 37/14/वित्त/विआप्र/चार/2021, दिनांक 29 जुलाई, 2021,

(4) श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ लोक आयोग का उन्नीसवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-21,

(5) श्री ताम्रध्वज साहू, गृह मंत्री ने छत्तीसगढ़ पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का नौवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2019-20,

(6) श्री मोहम्मद अकबर, वन मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड का वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे वर्ष 2019-20,

(7) श्रीमती अनिला भेंड़िया, समाज कल्याण मंत्री ने राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, छत्तीसगढ़ का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2021-22,

(8) डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, सहकारिता मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित की ऑडिट टीप एवं वित्तीय पत्रक वर्ष 2020-21,

(9) डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, आदिम जाति विकास मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2020-21,

**पटल पर रखे ।**

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री मनोज सिंह मण्डावी) पीठासीन हुए।)**

## 3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री धरमलाल कौशिक, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, श्री पुन्नूलाल मोहले, सदस्य ने प्रदेश में चलित ग्रामीण चिकित्सा इकाई व 108 संजीवनी एम्बुलेंस के अनुबंध में संबंधित फर्मों के द्वारा शर्तों का पालन नहीं किये जाने की ओर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित किया ।

श्री मोहम्मद अकबर, वन मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) श्रीमती इन्दू बंजारे, सदस्य ने विधान सभा क्षेत्र पामगढ़ के थाना शिवरीनारायण अंतर्गत ग्राम सलखन निवासी एक व्यक्ति की हत्या किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री ताम्रध्वज साहू, गृह मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 4. नियम 267-क के अंतर्गत विषय

माननीय उपाध्यक्ष की घोषणानुसार निम्नलिखित सदस्यों की नियम 267-क की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गई :-

(1) श्री नारायण चंदेल

(2) श्री सौरभ सिंह

(3) श्री केशव प्रसाद चन्द्रा

(4) श्री संतराम नेताम

(5) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव

## 5. प्रतिवेदनों की प्रस्तुति

श्री मोहन मरकाम, सदस्य ने सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति का अष्टम एवं नवम् प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## 6. याचिकाओं की प्रस्तुति

उपाध्यक्ष महोदय की घोषणानुसार निम्नलिखित उपस्थित सदस्यों की याचिकाएं सदन में पढ़ी हुई मानी गई :-

(1) श्री धरमलाल कौशिक

(2) श्रीमती छन्नी चन्दू साहू

(3) श्री बघेल लखेश्वर

(4) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक

(5) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव

## 7. शासकीय विधि विषयक कार्य

### (1) छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 (क्रमांक 1 सन् 2022)

श्री मोहम्मद अकबर, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक, 2022 (क्रमांक 1 सन् 2022) पुर:स्थापित किया ।

### (2) भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2022 (क्रमांक 3 सन् 2022)

श्री जयसिंह अग्रवाल, राजस्व मंत्री ने भू-राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2022 (क्रमांक 3 सन् 2022) पुर:स्थापित किया ।

सदन की सहमति से माननीय उपाध्यक्ष ने इस विधेयक पर चर्चा, विचार एवं पारण हेतु 01 घंटे का समय निर्धारित किया ।

**(सदन द्वारा सहमति प्रदान की गयी ।)**

## 8. वर्ष 2022-2023 की अनुदान मांगों पर मतदान

**(1)** श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्य मंत्री ने राज्य विधान मण्डल से संबंधित मांग संख्या 28, कृषि से संबंधित मांग संख्या 13, पशुपालन विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 14, मछलीपालन से संबंधित मांग संख्या 16, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 54, जल संसाधन विभाग से संबंधित मांग संख्या 23, लघु सिंचाई निर्माण कार्य से संबंधित मांग संख्या 45, जल संसाधन विभाग से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाएं से संबंधित मांग संख्या 75, जल संसाधन विभाग से संबंधित विदेशों से सहायता प्राप्त परियोजनाएं से संबंधित मांग संख्या 57 प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-28** पर श्री धरमलाल कौशिक, **मांग संख्या-13** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, ननकीराम कंवर, नारायण चंदेल, **मांग संख्या-14** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, अजय चन्द्राकर, नारायण चंदेल, **मांग संख्या-16** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, नारायण चंदेल, **मांग संख्या-54** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, **मांग संख्या-23** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, ननकीराम कंवर, नारायण चंदेल, सौरभ सिंह, **मांग संख्या-45** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, अजय चंद्राकर, सौरभ सिंह, **मांग संख्या-75** पर श्री अजय चन्द्राकर, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री मोहन मरकाम,

**(सभापति महोदय (श्री बघेल लखेश्वर) पीठासीन हुए।)**

श्री अजय चन्द्राकर,

## 5. सदन को सूचना

माननीय सभापति ने सदन को सूचित किया कि विधानसभा स्थित सदस्य लॉबी कक्ष में आज मंगलवार दिनांक 15 मार्च, 2022 को एस.एम.सी.हार्ट इन्स्टीट्यूट एण्ड आई.व्ही.एफ.रिसर्च सेन्टर द्वारा कार्डियेक कैम्प प्रात:11.00 बजे से 5.00 बजे तक आयोजित है। समस्त माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि शिविर का लाभ लेवें।

## 6. वर्ष 2022-2023 की अनुदान मांगों पर मतदान (क्रमश:)

सर्वश्री शैलेष पाण्डेय, सौरभ सिंह, दलेश्वर साहू,

**(सभापति महोदय (श्री सत्यनारायण शर्मा) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री धर्मजीत सिंह, प्रकाश शक्राजीत नायक, पुन्नूलाल मोहले, केशव प्रसाद चन्द्रा, डॉ.लक्ष्मी ध्रुव, श्रीमती इन्दू बंजारे,

श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष।

**(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)**

(माननीय अध्यक्ष ने सदन की सहमति से आज की कार्यसूची का कार्य पूर्ण होने तक सभा के समय में वृद्धि की घोषणा की।)

श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

**कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।**
**मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

**(2)** डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, स्कूल शिक्षा मंत्री ने अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 82, आदिम जाति कल्याण से संबंधित मांग संख्या 33, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 41, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-सड़कें और पुल से संबंधित मांग संख्या 42, अनुसूचित जाति कल्याण से संबंधित मांग संख्या 49, अनुसूचित जाति उपयोजनान्तर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 53, अनुसूचित जाति उपयोजना से संबंधित मांग संख्या 64, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण से संबंधित मांग संख्या 66, अनुसूचित जनजाति उपयोजना से संबंधित लोक निर्माण कार्य-भवन से संबंधित मांग संख्या 68, अनुसूचित जाति उपयोजनान्तर्गत

त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 15, अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 83, स्कूल शिक्षा से संबंधित मांग संख्या 27 , सहकारिता से संबंधित मांग संख्या 17 प्रस्तुत की ।

**मांग संख्या-82** पर श्री रजनीश कुमार सिंह, **मांग संख्या-33** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, रजनीश कुमार सिंह, श्रीमती इन्दू बंजारे, **मांग संख्या-41** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा, रजनीश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, **मांग संख्या-49** पर श्री शिवरतन शर्मा, **मांग संख्या-53** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, रजनीश कुमार सिंह, **मांग संख्या-64** पर श्री शिवरतन शर्मा, **मांग संख्या-66** सर्वश्री शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल, श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, श्री रजनीश कुमार सिंह, **मांग संख्या-68** सर्वश्री धरमलाल कौशिक, शिवरतन शर्मा, डमरूधर पुजारी, **मांग संख्या-15** पर श्री प्रमोद कुमार शर्मा, **मांग संख्या-27** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, नारायण चंदेल, शिवरतन शर्मा, डमरूधर पुजारी, प्रमोद कुमार शर्मा, रजनीश कुमार सिंह, श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, श्रीमती इन्दू बंजारे, **मांग संख्या-17** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, अजय चन्द्राकर, शिवरतन शर्मा, रजनीश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार शर्मा, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए ।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई ।

श्री नारायण चंदेल, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की ।

**(उपाध्यक्ष महोदय (श्री मनोज सिंह मण्डावी) पीठासीन हुए।)**

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

श्री शैलेष पाण्डेय, डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, श्रीमती संगीता सिन्हा, सर्वश्री केशव प्रसाद चन्द्रा, पुन्नूलाल मोहले

डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, स्कूल शिक्षा मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया ।

**कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए ।**
**मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।**

**(अध्यक्ष महोदय (डॉ. चरणदास महंत) पीठासीन हुए।)**

**(3)** श्री जयसिंह अग्रवाल, राजस्व मंत्री ने राजस्व विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 9, भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन से संबंधित मांग संख्या 8, पुनर्वास से संबंधित मांग संख्या 35, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय से संबंधित मांग संख्या 58, प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-9** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, धर्मजीत सिंह, केशव प्रसाद चन्द्रा, रजनीश कुमार सिंह, **मांग संख्या-8** पर सर्वश्री अजय चन्द्राकर, रजनीश कुमार सिंह, **मांग संख्या-35** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, रजनीश कुमार सिंह, **मांग संख्या-58** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, अजय चन्द्राकर, रजनीश कुमार सिंह,सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री सौरभ सिंह, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की।

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :-

सर्वश्री शैलेष पाण्डेय, धर्मजीत सिंह, केशव प्रसाद चन्द्रा, अजय चन्द्राकर, शिवरतन शर्मा, पुन्नूलाल मोहले, बृजमोहन अग्रवाल, ननकीराम कंवर, पुरूषोत्तम कंवर, बृहस्पत सिंह, डॉ. प्रीतम राम, डॉ.लक्ष्मी ध्रुव, सर्वश्री गुलाब कमरो, प्रमोद कुमार शर्मा।

श्री जयसिंह अग्रवाल, राजस्व मंत्री, ने चर्चा का उत्तर दिया।

**कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।**
**मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।**

**(4)** डॉ. शिवकुमार डहरिया, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय निकाय से संबंधित मांग संख्या 22, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग-नगरीय कल्याण से संबंधित मांग संख्या 69, नगरीय निकायों को वित्तीय सहायता से संबंधित मांग संख्या 81, श्रम से संबंधित मांग संख्या 18, प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-22** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, अजय चन्द्राकर, शिवरतन शर्मा, श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, श्री प्रमोद कुमार शर्मा, **मांग संख्या-69** पर श्री धरमलाल कौशिक, डॉ.रमन सिंह, सर्वश्री बृजमोहन अग्रवाल, अजय चन्द्राकर, धर्मजीत सिंह, शिवरतन शर्मा, **मांग संख्या-81** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक, अजय चन्द्राकर, शिवरतन शर्मा, , **मांग संख्या-18** पर सर्वश्री धरमलाल कौशिक,

अजय चन्द्राकर, बृजमोहन अग्रवाल, नारायण चंदेल, शिवरतन शर्मा, ननकीराम कंवर, श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू, सर्वश्री प्रमोद कुमार शर्मा, डमरूधर पुजारी, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों और कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा प्रारंभ हुई।

श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य ने चर्चा प्रारंभ की। (जारी)

**रात्रि 08.40 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 16 मार्च, 2022 (फाल्गुन 25, शक संवत् 1943) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।**

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा